सार-समाचार

खिलाड़ियों को सिखाये जीत के गुर

सूरौठ, (निसं)। तहसील मुख्यालय पर स्थित मेजर ध्यानचंद खेल स्टेडियम में मंगलवार को हॉकी के नियम व जीत के गुर सिखाते हुए शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजावत व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा ने खिलाड़ियों को हॉकी खेल के नियम व जीत के गुर सिखाएं शारीरिक शिक्षक युधिष्ठिर भांकर ने बताया कि आगामी दिनों में 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी हेतु कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल परिसर में स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों को खेल की बारिकियों के बारे में जानकारी दी ,तथा जीत के टिप्स बताएं इस अवसर पर जिला शूटिंग बांल संघ के सचिव विश्राम मीणा ने कहा कि खिलाड़ी जितना समय मैदान पर समय देगा उतना ही अच्छा खिलाड़ी बनेगा, और पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है, सचिव मीणा ने कहा खिलाड़ी अपना करियर खेल में भी बनाएं सकते हैं व शर्त मैदान पर पसीना बहाना होगा, इस दौरान व शारीरिक शिक्षक नीरज मीना हॉकी के सीनियर खिलाड़ी विवेक शर्मा ,गौरव आदि ने हॉकी खिलाड़ियों को नियम बताएं.इस मौके वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक गण रहे उपस्थित।

जगर बांध 28 साल बाद ओवरफ्लो

हिण्डौन सिटी, (निसं)। क्षेत्र में सोमवार रात से लगातार हुई तेज बारिश के कारण जगर बांध में पानी का स्तर 30 फीट से भी अधिक हो गया है। मंगलवार को बांध की सपाट से लगभग 3 इंच की चादर बह रही है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में हालात गंभीर बने हुए हैं। बारिश और तेज बहाव के कारण करसौली की पुलिया के ऊपर से पानी निकलने से कई गांवों में आवागमन मुश्किल हो गया है। बता दें, सोमवार को 28 वर्षों बाद जगर बांध ओवरफ्लो हो गया था। सुरक्षा के मद्देनजर सूरौठ थाना पुलिस ने बांध में घूमने और नहाने पर पाबंदी के बावजूद करीब दस लोगों को पकड़कर कार्रवाई की।

कलक्टर ने जलभराव व क्षतिग्रस्त सड़कों का लिया जायजा

भरतपुर, (निसं)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को सेवर ब्लॉक के पीरनगर, पीपला से लेकर जघीना के आसपास गांवों में जल भराव, फसलों में हुए नुकसान एवं क्षितठास्त सड़कों का अधिकारियों की टीम के साथ जायजा लिया तथा ग्रामीणों से रूबरू हुए।

जिला कलक्टर ने भरतपुर विकास प्राधिकरण, पंचायत राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों

■ जघीना में वर्षा जल एकत्रित होने से खेतों में जमा पानी की निकासी के बारे में ग्रामीणों से चर्चा कर जल निकासी के वैकल्पिक मार्गों की चर्चा की

की टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया तथा खेतों में जल भराव से फसलों में हुए नुकसान का मौका निरीक्षण कर किसानों से भारी वर्षा से हुए नुकसान के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने जघीना के आसपास खेतों में जमा पानी का अवलोकन कर जल संसाधन विभाग को पानी निकासी के लिए तकमीना के अनुसार कार्य को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के

जिला कलक्टर ने अधिकारियों की टीम के साथ जलभराव व क्षतिग्रस्त सड़कों का जायजा लिया।

अधिकारियों को क्षेत्र में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य शीघ्रता से करने तथा सड़कों के गड्ढों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम एवं बीडीए के अधिकारियों को नगरीय सीमा में क्षतिग्रस्त सड़कों के रिपेयर कार्य को शुरू करने, विभिन्न आवासीय क्षेत्र में जल भराव की निकासी के लिए अतिरिक्त पंपसेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जघीना-रीको रोड़ पर जल भराव क्षेत्र में पानी निकासी करते हुए शीघ्र रोड रेस्टोरेशन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीको आरओबी के प्रगति रथ कार्य के दौरान भारी वाहन की निकासी में असुविधा नहीं हो इसके लिए वैकल्पिक मार्गो पर गुणवत्ता के साथ रोड रेस्टोरेशन कराया जाए। जिससे आमजन एवं वाहनों के आवागमन में परेशानी नहीं हो। उन्होंने जघीना में वर्षा जल एकत्रित होने से खेतों में जमा पानी की निकासी के बारे में ग्रामीणों से भी चर्चा कर परंपरागत जल निकासी के वैकल्पिक मार्गों की चर्चा की तथा राज्य सरकार द्वारा नहर के माध्यम से पानी निकासी के लिए स्वीकृत कार्य के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान भरतपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त कनिष्क कटारिया, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, एसीईओ जिला परिषद विनय मित्र, नगर निगम के सचिव विजय प्रताप, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता वृद्धि चंद मीणा, अधिशासी अभियंता महेश शर्मा सहित जल संसाधन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सार-समाचार

अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। उदेई मोड पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में उदई-मोड थाना पुलिस ने बिजली विभाग में कार्यरत एक टेक्नीशियन को गिरफ्तार किया है। जिला स्पेशल टीम के कॉन्स्टेबल कैलाशचंद से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। सूचना में बताया गया था कि एईएन ऑफिस सालोदा में तैनात टेक्नीशियन शिवकेश मीना (34) अपनी बाइक की डिग्गी में अवैध हथियार रखता है। पुलिस टीम ने एईएन ऑफिस सालोदा पहुंचकर आरोपी की बाइक की तलाशी ली। डिग्गी से 315 बोर का एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के पास हथियार का कोई लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी शिवकेश मीना के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र के जैसनी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी से बरामद हथियार, कारतूस और बाइक को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भागवत सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने की।

सम्मान समारोह आयोजित

भरतपुर, (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला उपाध्यक्ष एवं मंत्रालयिक कर्मचारी संघ के संरक्षक मुकेश चंद चतुर्वेदी प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा विभाग की सेवा निवृत्ति पर कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग के सेवा निवृत्त प्रशासनिक अधिकारी मुकेश चंद्र चतुर्वेदी ने कहा कि मैंने राज्य सरकार की पूरी ईमानदारी व लगन से सेवा की है। मेरी नौकरी अधिकांशतः प्रशासन व शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ रही। गरीब व वंचितों की सेवा के लिए मैं हमेशा तत्पर रहा। राज्य सेवा में रहते हुए मैंने बढ़चढ कर कार्य किया।महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि चतुर्वेदी एक कुशल, योग्य, मेहनती एवं इमानदार राजसेवक रहे।

ट्रेलर की केविन में लगी आग

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। थाना खेड़ली मोड क्षेत्र के नेशनल हाईवे संख्या 21 जयपुर भरतपुर के गांव कमालपुरा पर चलते ट्रेलर की केविन में अचानक शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। जिस पर भुसावर एवं महवा दमकल ने काबू पाया। दमकल कर्मी नवल हरसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल हाईवे के गांव कमालपुरा पर एक ट्रेलर के केबिन में शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लगने की सूचना पुलिस से प्राप्त होते ही दमकल कर्मी सुरेंद्र एवं ब्रह्मानंद शर्मा दमकल को लेकर मौके पर पहुंचे।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रकिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी महोदय स्थान सवाई माधोपुर कैम्प हिण्डौन सिटी
जगमोहन विरूद्ध मुरारीलाल वगैरह वाद/ प्रार्थना पत्र.....
प्रार्थना-पत्र संख्या- 5/2025

1.नाम लक्ष्मी पत्नी द्वारका प्रसाद 2. मोहित पुत्र द्वारका प्रसाद 3. कल्पना पुत्री द्वारका प्रसाद 4. अनुराधा पुत्री द्वारका प्रसाद 5.महेश पुत्र स्वर्गीय मुरारी लाल 6.राजेंद्र उर्फ रज्जो पुत्र स्वर्गीय मुरारी लाल 7. अनिल उर्फ अन्नी पुत्र मुरारी लाल 8.राकेश पुत्र मुरारी लाल क्रम संख्या 1से 8 सभी जाति ब्राह्मण निवासी- बिजली खाँ का चौक, हिण्डौन सिटी, जिला- करौली (राजस्थान) 9.श्रीमती सुषमा देवी पुत्री मुरारी लाला पत्नी ओमप्रकाश जाति ब्राह्मण निवासी- संख्या 427 ग्लोबल स्कूल के पास, तलबन्डी कोटा राजस्थान। 10. कैलाश पुत्र भगवत 11. सुरेंद्र पुत्र भगवत 12. माया पुत्री भगवत 13. उषा पुत्री भगवत 14.उषा पत्नी सुमे? 15.मोहन पुत्र सुमेर 16. सौरव पुत्र सुमेर 17. गौरव पुत्र सुमेर 18. बबीता पुत्री सुमेर 19. प्रियंका पुत्री सुमेर क्रम संख्या 10 से 19 सभी जाति- ब्राह्मण निवासी- चौबेपाड़ा हिंडौन सिटी, जिला- करौली (राजस्थान)। 20. लैंड होल्डर तहसीलदार हिंडौन सिटी, जिला-करौली (राजस्थान)। 21. सब रजिस्टार हिंडौन सिटी, जिला- करौली (राजस्थान)।

उक्त अपीलान्ट ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 17 माह 10 सन् 2025 को 10 am पूर्वाह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 28 माह 08 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर
राजस्व अपील अधिकारी
सवाई माधोपुर

'महाराजा अग्रसेन का जीवन दर्शन समाज के लिए प्रेरणादायक'

बैठक में जिला अग्रवाल संगठन महिला मण्डल की सदस्य मौजूद रहीं।

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज की परंपराओं और संस्कृति को आगे बढाने हेतु जिला अग्रवाल महिला संगठन, सवाई माधोपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग ने की तथा संचालन महामंत्री श्रीमती रजनी सिंघल ने किया। बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यऋमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। महामंत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष 21 सितंबर, रविवार, दोपहर 1 बजे से भगवती पैलेस में भव्य घूमर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला संगठन द्वारा युगल नृत्य और समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का विशेष रूप से आयोजन किया जा रहा है। संपूर्ण कार्यक्रम राजस्थानी थीम पर आधारित होगा, जिससे स्थानीय संस्कृति और परंपराओं की झलक हर मंचन में परिलक्षित होगी। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यक्रम में अग्रवाल समाज की सभी महिलाएँ भाग ले सकती हैं। इसके अतिरिक्त, 15 वर्ष से अधिक आयु की सभी बालिकाएँ भी प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकेंगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और 15 सितंबर तक ही नामांकन स्वीकार किए जाएंगे। इसके उपरांत किसी भी प्रकार का नामांकन संभव नहीं होगा।

गणेश महोत्सव में गणपति के दर्शनों के लिए उमड़ रहा जनसैलाब

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुरानी अनाज मण्डी स्थित प्रांगण में श्री गणेश महोत्सव समिति के तत्वाधान में श्री गणेश महोत्सव का आयोजन गणेश चतुर्थी पर श्री गणेश जी की स्थापना के साथ से किया जा रहा है। सुबह मंगला आरती से शुरू होने वाले कार्यक्रम में अपार जन समूह उमड रहा है।

समिति के संरक्षक अशोक चौधरी ने बताया कि शाम को संध्या आरती के बाद सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा आकर्षक झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन एक से बढकर एक अलग

गणेश महोत्सव में झांकियों का दर्शन करने उमड़ रही भीड़।

अलग झांकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है जो कि श्रद्धालुओं का मन मोह रही है। समिति अध्यक्ष तनिष्क सिंह चौधरी ने बताया कि श्री गणेश जी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है जिससे मंडी प्रांगण किसी तीर्थ से कम नजर नहीं आ रहा है।

डॉ. गर्ग को ज्ञापन दिया

भरतपुर (निस)। भरतपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटी के द्वारा प्रस्तावित एलिवेटर फ्लाई ओवर ब्रिज के विरोध के पांचवे दिन सम्पूर्ण ओटोमोबाइल बाजार नुमायश रोड, डीग रोड, ट्रांसपोर्ट नगर, कुम्हेर गेट, स्टेशन रोड, के संघर्ष समिति के आव्हान पर पूर्णतया बंद रहा।

साधारण सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल खंडेलवाल ने की। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन द्वारा कोई भी जानकारी ओवरब्रिज की चौडाई, सडक की चौडाई सोसायटी के मांगने पर भी उपलब्ध नहीं कराई है, भ्रम की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन से मांग है कि अतिशीघ्र इस ब्रिज की विधिवत जानकारी जनहित में प्रकाशित करें। इस संदर्भ में आज स्थानीय विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को ज्ञापन दिया जिसमें उनसे निवेदन किया कि सिंगल साइड ब्रिज बनवाने की अनुषंशा करें। जिस प्रकार जयपुर में अम्बेडकर सर्किल से वाईस गोदाम सिंगल एलीवेटेड ओवरब्रिज का निर्माण हुआ है जिससे कोई भी नीचे की दुकान, होटल, प्रतिष्ठानों को कोई भी क्षित नहीं हुई है ऐसा ही अन्य शहरों में सिंगल ओवरब्रिज बनवाये गये हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुम्हेर रोड कंजोली लाइन व मथुरा रोड रारह के ओवर ब्रिज केवल 10 मीटर चौडे बने हुए है।

संयोजकों की बनाई कमेटी

भरतपुर, (निसं)। महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति की साधारण सभा की बैठक खिरनी घाट स्थित अग्रवाल भवन पर भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष अनुराग गर्ग के आतिथ्य में हुई अध्यक्षता सुरेश बंसल ने की। सह संयोजक मोहन मित्तल ने बताया कि 22 सितम्बर को प्रातः स्मरणीय महाराजा अग्रसेन की जयंति महोत्सव पर होने वाले कार्यक्रमों को मनाये जाने हेतु विभिन्न दायित्व कमेटियों का गठन किया गया है।

कार्यालय: नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला-सवाई माधोपुर (राज.)
क्रमांक: 3663 दिनांक-29-8-2025

प्रारूप-13 नियम 13 (2) देखिए लोक सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि खसरा नं. 278/333 क्षेत्रफल 0.8100 है. ग्राम महानन्दपुर तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर में स्थित भूमि या उसके भाग का 17.06.1999 से पूर्व की कालावधि से गैर कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है। और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किए जाने के दायी है। अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताए कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों ना भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लगंमों से मुक्त निहित किया जा सकें। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन दिनांक 29.6.25 को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगरपरिषद गंगापुरसिटी

केमिस्टों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

सहायक औषधि नियंत्रक चंद्र प्रकाश जाटव एवं औषधि नियंत्रण अधिकारी सिंधु शर्मा का सम्मान करते केमिस्ट एसोसियेशन सदस्य।

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला कलेक्टर एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधी नियंत्रक विभाग के दिशा निर्देश अनुसार गंगापुर सिटी केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला गंगापुर सिटी में किया गया। इस कार्यशाला को सहायक औषधि नियंत्रक चंद्र प्रकाश जाटव एवं औषधि नियंत्रण अधिकारी सिंधु शर्मा द्वारा संबोधित किया गया।

इस कार्यशाला में गंगापुर सिटी एवं वजीरपुर, पिपलाई, बामनवास, बाटोदा सभी जगह के दवा विक्रेता एकत्रित हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहायक औषधि नियंत्रक जाटव द्वारा युवाओं में बढती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए दवा विक्रेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही जिला कलेक्टर कानाराम के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सैकडो केमिस्ट को शपथ दिलाई गई। सवाई माधोपुर एवं गंगापुर सिटी के आसपास युवाओं में जो नशे की प्रवृत्ति बढती जा रही है उसे रोकने में प्रत्येक दवा विक्रेता का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। प्रत्येक दवा विक्रेता यह सुनिश्चित करें कि बिना चिकित्सक की पर्ची के कोई भी दवा विक्रय नहीं करें। साथ ही उन्होंने केमिस्टों को नई ड्रग डिपार्टमेंट के नियमों की जानकारी साझा की।

औषधि नियंत्रण अधिकारी सिंधु शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार प्रत्येक दवा विक्रेता को अपने प्रतिष्ठान पर कैमरा लगाया जाना सुनिश्चित करे। सिंधु शर्मा ने सभी केमिस्टों से अपने व्यापार को नैतिकता एवं गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिए उन्होंने बताया कि दवा विक्रेता समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है जो की सीधे तौर पर युवाओं में बढते हुए नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कार्य कर सकता है। केमिस्ट एसोसिएशन सचिव ओम प्रकाश अग्रवाल ने अधिकारियों को सभी केमिस्टों की ओर से यह विश्वास दिलाया कि प्रशासन द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान में प्रत्येक केमिस्ट सदैव उनके साथ हैं एवं इस अभियान में पूर्णतया सभी केमिस्ट जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व को निभाएंगे।

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना संख्या: डब्ल्यू/623/15, दि.: 29.08.2025

भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते है।

टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि
(1) 179/2025	₹ 84412282.40	₹ 572100.00
नागदा-कोटा सेक्शन: टीएसआर (पी) -44.308 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 41.593 कि.मी. एण्ड मेन्युएल-2.715 कि.मी. इन्क्लूडिंग सब्सिडियरी वर्क विद बीसीएम.		
टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि
(2) 180/2025	₹ 17759833.18	₹ 238800.00
कोटा डिविजन: प्रोविजन ऑफ बेलेंस फसिलिटीज फॉर दिव्यांगजन एट कोटा डिविजन इन दि जूरिरिडक्शन ऑफ डीईएन/ सेन्ट्रल फॉर 14 स्टेशन्स.		
टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि
(3) 181/2025	₹ 292550189.19	₹ 1612800.00
कोटा-बयाना सेक्शन: टीएसआर (पी) -111.779 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रेक्टरस पोर्टल 108.319 कि.मी. एण्ड मेन्युएल-3.460 कि.मी. इन्क्लूडिंग सब्सिडियरी वर्क विद बीसीएम		
टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि
(4) 182/2025	₹ 9340526.16	₹ 186800.00
नागदा-मथुरा सेक्शन: रिकन्डिशनिंग ऑफ डब्लयूसीएमएस क्रॉसिंग 1 इन 12/1 इन 8.5, 60 केजी इन-सिटू वाय यूजिंग ट्रांसलेमेंटिक रोवोटिक वेल्डर और अदर सिमीलर वेल्डिंग टेक्नोलॉजी टू गिव मिनिमम एक्सटेंन्डेड लाइफ ऑफ 80 जीएमटी ऑफ्टर रिकन्डिशनिंग.		
टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि
(5) 183/2025 आर	₹ 676896.45	₹ 13500.00
बयाना-डुमरिया-पिलोदा सेक्शन: विलिंनिग ऑफ मैनहोल, इन्सपेक्शन चेम्बर, ड्रग वॅल, सेप्टिक टॅंक, एण्ड सिवेज लाइन ऑफ रेलवे कॉलोनी फॉर टू ईयरस.		
टेंडर संख्या एवं कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	बयाना राशि
(6) 184/2025 आर	₹ 5065389.65	₹ 101300.00
सवाई माधोपुर स्टेशन-रिमोडलिंग ऑफ गुडस यार्ड लाइन नं. 1, 2, 3, 4 एण्ड 5 टू इनक्रिज सीएसएल		

टेण्डर भरने की अंतिम तिथि व समय: क्र. 1,2,3,5 व 6 के लिए-22.09.2025, 15.30 बजे, क्र. 4 के लिए-15.09.2025, 15.30 बजे. पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई ई. निविदा में तथा वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर समन्वय पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय की कार्यलेखा शाखा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

(हस्ता.)
वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), प.म.रे., कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर